हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



12 कलेक्टर ने शूटिंग की उपलब्धियों पर बढ़ाया हौसला





12 छात्रों ने बैंक में असली नोटों की पहचान के साथ सीखा ...












## खबर संक्षेप

### पत्नी से पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके पति द्वारा आए दिन मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को ग्राम छिबर्रा की लिलिमा प्रधान पति हरेश प्रधान (29 साल) ने बताया कि वह अपने पति, सास, ससुर, बच्चों के साथ रहती है। उसकी शादी सामाजिक रीति रिवाज के साथ हरेश प्रधान निवासी छिबर्रा के साथ 08 साल पूर्व हुआ है। महिला ने बताया कि उसके पति द्वारा आए दिन पारिवारिक व दाम्पत्य की छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा विवाद कर हाथ मुक्का से मारपीट किया जाता है। यह परिवार का मामला है सोच कर उसने अब तक घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। 19 अक्टूबर की रात 11 बजे पति द्वारा चरित्र पर शक कर गाली गलौज करते हुए मारपीट किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### दो मामलों में 7000 की शराब जब्त

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने शराब बिक्री के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। साथ ही आरोपियों के कब्जे से 7200 रुपए की शराब जब्त की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर घटनास्थल पचरी-पंडरीपानी कच्ची रास्ता राजेश गिलहरे के घर के पास आरोपी जनक बाई पति सेऊक राम कुर्रे (50 वर्ष) निवासी ग्राम पचरी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत करीबन 1200 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई वहं दूसरे मामले में पुलिस ने छिलपावन से बागबाहरा रोड पंडरीपानी मोड़ ग्राम पचरी में आरोपी परषोत्तम कुर्रे पिता स्व. फूलदास कुर्रे (55 वर्ष) ग्राम पचरी के कब्जे से देशी महुआ शराब कुल 20 लीटर कीमत करीबन 6000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

'पुलिस स्मृति दिवस' पर परसदा स्थित रक्षित निरीक्षक केंद्र में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला पुलिस द्वारा परसदा के रक्षित निरीक्षक केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक दीप्ति कश्यप ने जिला बल व 20वीं वाहिनी के जवानों के साथ शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने एक सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक एक साल में हुए 216 शहीदों के नाम का वाचन किया। उपरांत उन्होंने शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि साहू, शहीदों के परिजन, प्रशासन, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।




### 19 शहीद परिवारों के परिजनों से की मुलाकात

कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम में उपस्थित 19 शहीद परिवारों के परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या के लिए पुलिस विभाग हमेशा उनके साथ है। उक्त कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधिकारी व जिले के थाना प्रभारी उपस्थित रहे।



### स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि

**बिरकोनी।** पुलिस स्मृति दिवस पर बिरकोनी के वीर शहीद सपूत घनश्याम कन्नौजे के स्मारक पर सुभाष चौक में शासकीय प्राथमिक शाला एवं कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों एवं शिक्षकों ने वीर शहीद सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच ताम्रध्वज निषाद, ओंकार पटेल, देवचरण साहू, द्रोपती दीवान, योगेश्वर गिरी गोस्वामी, मेघा ध्रुव, धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, शैल सोनवानी, मोरध्वज साहू, रेखन लाल साहू, कुश कुमार गजेंद्र मौजूद रहे।




### रासेयो इकाई ने मनाया पुलिस स्मृति दिवस

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य करण सिंह सोरी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी महासमुंद शरद दुबे के मुख्य आतिथ्य में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा विद्यालय के भूतपूर्व छात्र शहीद घनश्याम कन्नौजे के प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। पश्चात व्याख्याता सीआर अग्रवाल द्वारा पुलिस स्मृति दिवस क्यों एवं कब से मनाया जाता है विषय पर बच्चों को जानकारी दी गई। शहीद घनश्याम कन्नौजे के वीरगाथा का वाचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मण मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम में आरक्षक चूड़ामणि सेठ, रिजवान खान, सैनिक धुनसिंह भोय, साहू, करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, गीता दासरवार, लता राजन, रंजीता दुबे, तारामती साहू, रिचा पांडे, लक्ष्मण मानिकपुरी, राम प्रसाद मोहंती, एसके गुप्ता, सौरभ साहू, मुकेश ध्रुव, उषा साहू, महेश, ढालू एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

## रोष: दस्तावेज लेखक और स्टांप वेंडर हड़ताल पर

# सुगम एप का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दस्तावेज लेखकों और स्टांप वेंडरों ने सुगम एप लांच किए जाने का विरोध जताया है। रोजगार पर आघात पहुंचाए जाने का विरोध जताते हुए संगठन के प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत सोमवार से जिले भर के स्टांप वेंडर और दस्तावेज लेखक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इसके चलते रोजाना जिला मुख्यालय में होने वाली कम के कम 40 रजिस्ट्रियों में एक भी नहीं हुई। इससे शासन को स्थानीय स्तर पर ही लाखों के राजस्व की क्षति हुई है।

इस दौरान उपपंजीयक को सौंपे गए ज्ञापन में संघ के सदस्यों ने बताया कि सरकार द्वारा लांच किए गए सुगम एप में खामियों से दस्तावेज लेखक और स्टांप वेंडरों का रोजगार पूरी तरह ठप हो जाएगा। इसके विरोध में वे काम बंद कर हड़ताल में हैं।

जिला प्रभारी गणेश चौहान ने बताया कि सुगम एप को दस्तावेज लेखकों का रोजगार को नजर अंदाज करते हुए बनाया गया है जबकि दस्तावेज लेखक सरकार के आय बढ़ाने एवं रजिस्ट्री की कार्य को आसान बनाते आए हैं। दोनों पक्षों की लेन-देन का अहम योगदान निभाता है। सुगम एप में धोखाधड़ी होने का संभावना बना हुआ है, किसानों के साथ छल होने की भी संभावना है।



### यह है प्रमुख मांगें

अपनी मांगों के बारे में जानकारी देते हुए जिला प्रभारी गणेश चौहान ने बताया कि सुगम एप से जहां हमारा रोजगार प्रभावित होगा वहीं पंजीयन में भी काफी बाधाएं आएंगी। चौहान ने कहा कि जैसा सिस्टम चलता आ रहा है उसे जारी रखा जाए अन्यथा वे लगातार इसका विरोध करेंगे। सरकार कोई एप लाए कोई आपत्ति नही लेकिन, इससे न हमारा रोजगार प्रभावित हो और न ही रजिस्ट्री में पक्षकारों को परेशानी हो। पेपर लेस, कैशलेस और फेसलेस की बात केवल हवा हवाई है।

### यह रहे ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान मौजूद

उप पंजीयक उत्तम कुमार टंडन को ज्ञापन दिए जाने के दौरान दस्तावेज लेखक, गणेश सिंह चौहान, प्रकाश चंद्राकर, गिरधर यदु, हलधर चंद्राकर, अभिषेक कश्यप, मेवालाल साहू, हरिकृष्ण भार्गव, अरुण श्रीवास्तव, सतीश फ्रांसिस, महेंद्र ठाकुर, लोकेश साहू, शोभाराम श्रीवास, स्टांप वेंडर अरुण कुमार त्रिवेदी, राधेश्याम सैनिक, हेमंत कश्यप, दौलत साहू, सुनील यदु उपस्थित रहे।






### ट्रक में मिला 22.40 लाख का डोडा



**महासमुंद।** जिले की सिंघोड़ा पुलिस ने एनएच 53 ग्राम रेहटीखोल के पास सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से 22 लाख 40 हजार रुपए का 2240 किलो अफीम पोस्त (डोडा) बरामद किया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।पुलिस ने बता कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक गेरूए रंग महिंद्रा कंपनी का ट्रक क्रमांक आरजे 04 जीसी 5944 एन एच 53 रोड बेरियर के कुछ आगे रोड किनारे खड़ा है। घटनास्थल पर जाकर देखा गया तो उक्त ट्रक के केबिन में कोई व्यक्ति नहीं था। आसपास चालक एवं वाहन मालिक की पतासाजी की गई, लेकिन कोई नहीं दिखा। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें मुर्रा की बोरियो के नीचे छुपाकर 140 नग प्लास्टिक बोरियां मिली। प्रत्येक बोरी में 16-16 किलोग्राम कुल 2240 किलोग्राम नमीयुक्त मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ अफीम पोस्त (डोडा) बरामद किया गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स एक्ट धारा 18 (ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### सात लीटर शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला के बांध जाने के रास्ते में एक व्यक्ति से बसना पुलिस ने शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सेत कुमार खुंटे पिता दिलीप सिंह खुंटे (39 साल) निवासी उड़ेला के कब्जे से 7 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### पैसे के लेनदेन को लेकर पति-पत्नी ने की मारपीट

**महासमुंद।** पैसे के लेनदेन को लेकर श्याम नगर झलप में एक व्यक्ति के साथ पति-पत्नी ने मारपीट की। पटेवा पुलिस को प्रार्थी पत्थर सिंह सागर निवासी ग्राम कंजीया जिला बलौदाबाजार ने बताया कि 20 अक्टूबर को रिश्तेदार रोशन सागर के बुलाने पर वह अपने भतीजे आकाश सागर के साथ श्यामनगर झलप आए थे कि शाम करीबन 4 बजे रोशन सागर के घर के आंगन में बैठकर बातचीत कर थे, तभी रोशन सागर एवं उसकी पत्नी मुस्कान सागर के द्वारा पैसे के लेनदेन की बात को लेकर मेरे साथ गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं डंडा, पत्थर से मारपीट किया गया। बीच बचाव करने आए आकाश सागर के साथ भी आरोपियों द्वारा गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### एक्सीडेंट में युवक की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने 1 सितंबर को एक्सीडेंट के चलते हुई युवक की मौत मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मृतक नूरपति बरिहा पिता दयाराम बरिहा (35 साल) निवासी पोटापारा की मर्ग जांच की गई। जांच के दौरान मृतक के पिता दयाराम बरिहा, चश्मदीद गवाह रविलाल साहू, टिकेलाल साव, मोहन लाल साहू, गवाह नारद बरिहा का कथन लिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि मृतक 1 सितंबर की शाम करीबन 6 बजे घरेलू काम से अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीके 3964 से पोटापारा गया था, शाम करीबन 6.30 बजे वापस घर आते समय टिकेलाल साव के घर के सामने, लंबर से बोडेसरा जाने के रास्ते ग्राम पोटापारा के पास पहुंचा था, उसी समय मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचए 4823 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चला कर मृतक के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे नूरपति को चोटें आई। जिसे शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर मृत घोषित कर दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

### विधायक साहू ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रविवार को जोन 10 के 4 वार्डों में 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने रानी दुर्गावती वार्ड स्थित राममंदिर के नाला निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। साथ ही कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड में नए विकास कार्यो का भूमिपूजन वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में किया।

रायपुर ग्रामीण विधायक श्री साहू ने 4 वार्डों में 6 करोड़ 42 लाख 23 हजार की लागत से विविध कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर, रवि ध्रुव, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू सहित



# अंचल में सुहागिनों ने धूमधाम से मनाया करवा चौथ का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंचल में धूमधाम से करवा माता, भगवान शिव, पार्वती, गणेश व चंद्रदेव का पूजन कर सुहागिनों ने चलनी से चंद्रदर्शन किया और फिर दिनभर रखे व्रत का पारण किया। सुहागिन महिलाएं करवा चौथ का व्रत पति की लंबी आयु की कामना के लिए दिनभर निर्जला उपवास रखती हैं। इस पूरे दिन निर्जला व्रत रखते हुए शाम के समय चंद्रोदय पर पूजा-अर्चना करते हुए पति के हाथों अपने व्रत का पारणा किया। महिलाएं इस दिन सोलह श्रृंगार करके भगवान





शिव, माता पार्वती, करवा माता, भगवान गणेश और चंद्र देव का पूजन करती है। करवा चौथ की पूजा का मुहूर्त शाम 5 बजकर 46 मिनट से 7 बजकर 2 मिनट तक रहा। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का पर्व मनाया गया है। इस दिन महिलाएं करवा चौथ के व्रत के सभी नियमों का पालन करते हुए और करवा माता से पति और परिवार की खुशी व तरक्की की कामना की है।

सर्वप्रथम शिवजी के लिए देवी पार्वती ने यह व्रत रखा था । मान्यताओं के अनुसार यह व्रत सबसे पहले देवी पार्वती ने भगवान भोलेनाथ के लिए रखा था। इसके अलावा कहा जाता है कि द्रौपदी ने भी पांडवों को संकट से मुक्ति दिलाने के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था। करवा चौथ का व्रत विवाह के 16 या 17 सालों तक करना अनिवार्य माना जाता है। करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सेहत की कामना करने के लिए निर्जला व्रत रखती है। इसके अलावा कुंवारी कन्याएं भी सुयोग्य वर के लिए करवा चौथ का व्रत रखती हैं।

## कार्रवाई : तीन थाना एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

# चोरी की 6 बाइक जब्त, दो आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 बाइक जब्त किया है। यह कार्रवाई पटेवा, सांकरा, पिथौरा और सायबर सेल ने संयुक्त रूप से की है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी हिमसागर दास ग्राम पारसमणी चौक सांकरा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12 अक्टूबर को शाम को दुर्गा पूजा करने अपने मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस सीजी 06 बीबी 0896 से श्याम नगर दुर्गा पूजा करने गया था, पूजा कर वापस आने पर देखा कि गाड़ी को जहां पर रखा था वहां से गायब थी। रिपोर्ट पर पुलिस मामले की




विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति संदिग्ध मोटरसाइकिल में सवार होकर पिथौरा से बसना की ओर जा रहे हैं। जिन्हें पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर रोका गया। मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर उनके पास किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना पाया गया। जिससे पुलिस टीम शंका के आधार पर पूछताछ की तो आरोपियों ने मोटरसाइकिल को पारसमणी चौक के पास से दशहरा के दिन दुर्गा पंडाल के सामने से चोरी करना बताया साथ ही आरोपियों ने पुलिस टीम को सांकरा, सरायपाली, तुमगांव व रायपुर से भी मोटर सायकल चोरी करना बताया। चोरी किए गए अन्य मोटरसाइकिल को आरोपियों के द्वारा अपने-अपने घरों में ग्राम गोपालपुर थाना पिथौरा जिला महासमुंद में रखना बताया। पुलिस ने आरोपी चमन कंवर पिता नित्यानंद कंवर (19 साल) गोपालपुर के कब्जे से उसके घर से 03 नग मोटरसाइकिल तथा आरोपी भोजराज बारिहा पिता राजकुमार बारिहा (22 साल) गोपालपुर से 02 नग मोटरसाइकिल सहित कुल 6 नग मोटर सायकल कीमत 135000 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना सांकरा में धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

# एसडीएम पैकरा ने आदिवासी बालक छात्रावास और आश्रम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद हरिशंकर पैकरा ने महासमुंद विकासखंड में संचालित प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास खट्टी और आदिवासी बालक आश्रम परसदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सभी बच्चों के शयन कक्ष, शौचालय, स्नानागार, किचन आदि की साफ सफाई व्यवस्था देखने के बाद बच्चों व कर्मचारियों से उचित रख रखाव के संबंध में चर्चा की। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण नियमित प्रतिमाह होने की जानकारी मिली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बच्चों के साथ बैठकर उनसे उनकी पढ़ाई लिखाई के संबंध में चर्चा की जिसमें बच्चों को हिंदी, अंग्रेजी की किताबों को पढ़ने कहा गया साथ ही पहाड़े और आकृतियों के बारे में पूछा, बच्चों के जवाब से संतुष्ट अधिकारी ने छात्रावासी बच्चों की पढ़ाई के स्तर पर खुशी जाहिर की। आदिवासी बालक आश्रम परसदा पहुंचने पर बच्चों के भोजन का





समय होने के कारण एसडीएम खाने की गुणवत्ता जांचने बच्चों के साथ ही भोजन करने बैठ गए, भोजन के दौरान ही बच्चों को मिलने वाले नाश्ता, खाना के संबंध में बच्चों से जानकारी ली जिसमें बच्चों ने पर्याप्त और पौष्टिक भोजन मिलना भी बताया।

दोनों ही छात्रावास में निरीक्षण के दौरान आंशिक मरम्मत कराने संबंधित निर्देश अधीक्षकों को दिया गया साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान देने कहा गया। छात्रावास परिसर में मिट्टी और रेत होने के कारण बच्चों के खेलने हेतु उचित व्यवस्था न होने पर उसमें पेवर ब्लॉक लगाने संबंधी अनुरोध अधीक्षकों के करने पर, आवश्यक कार्रवाई हेतु सहायक आयुक्त को निर्देश देने की बात कही गई।

# बुधराम की दिव्यांगता से नहीं आत्मनिर्भरता से बनी पहचान

## बत्तख और मुर्गियों का पालन कर आमदनी ले रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के लखनपुर झलप निवासी बुधराम साहू जो 70 प्रतिशत अस्थि बाधित हैं। उन्होंने अपनी दिव्यांगता को कभी अपने सपनों की राह में रोड़ा नहीं बनने दिया। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण किया बल्कि एक सफल व्यवसायी के रूप में भी अपनी पहचान बनाई।

साहू की प्रेरणादायक यात्रा तब शुरू हुई जब समाज कल्याण विभाग ने उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की। इस ट्राइसाइकिल ने उनके जीवन में नया मोड़ लाया, जिससे उन्हें आस-पास के गांवों में साग-सब्जी, मशरूम, इमली चॉकलेट जैसी चीजें बेचकर अपनी आजीविका शुरू करने का अवसर मिला। यह ट्राइसाइकिल उनकी स्वतंत्रता का प्रतीक बन गई और उनके जीवन को गतिशील एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया। वर्तमान में साहू 40 बत्तख और 80 देशी मुर्गियों का पालन कर रहे हैं।



उनकी मुर्गियां प्रतिदिन अंडे देते हैं, चूजों में परिवर्तित उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त होती है। बुधराम साहू ने यह साबित कर दिया है कि दिव्यांगता कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। बुधराम ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा, उन्हें मुर्गी पालन व्यवसाय के लिए 95 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया गया। उन्होंने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया और धीरे-धीरे अपने मुर्गी पालन व्यवसाय को सफलतापूर्वक विकसित किया। उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम यह रहा कि वे हर महीने लगभग 15 हजार रुपए की आमदनी करने लगे। उन्होंने अपने ऋण की पूरी राशि समय से पहले ब्याज सहित चुका दी, जिसके फलस्वरूप सरकार ने ब्याज की राशि उन्हें सब्सिडी के रूप में वापस कर दी।

# महाविद्यालय से अध्ययनरत रहे पुलिस अमर शहीदों को किया याद






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल, एसआई सचिन गुमास्ता, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई, प्रदीप कन्हेर एनसीसी अधिकारी एवं महासमुंद पुलिस टीम उपस्थित रहे। महाविद्यालय में अध्ययनरत रहे शहीद महेंद्र ध्रुव एवं शहीद फनेश्वर सिन्हा को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने महाविद्यालय में अध्ययनरत रहे शहीद स्व. महेंद्र ध्रुव एवं स्व.फनेश्वर सिन्हा का स्मरण करते हुए कहा कि जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, उन्हें हम शत-शत नमन करते हैं। सचिन गुमास्ता ने कहा कि पुलिसकर्मी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। वे न केवल अपराधियों से निपटते हैं, बल्कि आपदाओं, संकटों और अन्य आपातकालीन स्थितियों में भी देशवासियों की मदद करते हैं। चाहे प्राकृतिक आपदा हो या आतंकवादी हमला, पुलिसकर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना समाज की सेवा करते हैं। पुलिसकर्मी न केवल सुरक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में अनुशासन और न्याय को बनाए रखने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदीप कन्हेर ने कहा कि अमर शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम आपके योगदान को हमेशा याद रखेंगे। देश की सेवा में शहीद हुए पुलिसकर्मियों की शहादत को सलाम। आपकी कुर्बानी हमारी सुरक्षा की नींव है। कार्यक्रम में महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी सहित अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नुवाखाई पर्व मनाने जुटे गोंड़ समाज के लोग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ गोंड़ समाज विकास समिति महासमुंद द्वारा 19 अक्टूबर को स्थानीय बूढ़ादेव भवन बीटीआई रोड कलेक्टर आफिस के सामने महासमुंद में विधि विधान से पूजा अर्चना कर नुवाखाई पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में गोंड़ समाज के लोग बड़ी संख्या में जुटे। नुवाखाई कार्यकम को विधि विधान से संपादन के लिए रघुवंदन मरई ग्राम लहंगर, रूपसिंग नेताम ग्राम परसाडीह एवं प्रेम सिंह गोंड़ ग्राम नवापारा (परसदा) को समिति द्वारा आमंत्रित किया गया था तथा उनके सानिध्य में ही यह नुवाखाई का कार्यक्रम हुआ। सुबह 11 बजे उपस्थित गोंड़ समाज के प्रबुद्धजनों धान की बालियां, पूजा सामान लेकर वीरांगना महारानी दुर्गावती चौक स्थित साजा पेड़ एवं महुआ पेड़ के नीचे विधि अनुसार गोंड़ समाज के ईष्ट देव बूढ़ादेव के समक्ष पारम्परिक अस्त्र शस्त्र रखकर नया धान बाली, चावल, पूड़ी, खीर इत्यादि भोग लगाकर पूजा अर्चना की। तत्पश्चात बूढ़ादेव भवन में ईष्ट देव बूढ़ादेव को नया चावल का प्रसाद एवं नया धान की बालियां अर्पित कर सामूहिक पूजा अर्चना की गई। और सुख-समृद्धि की कामना की गई। पश्चात सामूहिक नवाखाई एवं परिवार मिलन का कार्यकम हुआ। जिसमें कमलेश ध्रुव द्वारा गोंड़ समाज के रीति रिवाजों पर संक्षेप में उद्बोधन किया। बाद एसपी ध्रुव ने गोंड़ समाज के पारंपरिक नियम एवं पुरखों द्वारा नवाखाई पर्व मनाए जाने पर सविस्तार विस्तार बताया। साथ ही गोंड़ समाज के पुरातन संस्कृति, रहन सहन, वेशभूषा से संबंधित जानकारी भी दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से मनराखन लाल ध्रुव, प्रेमसिंह गोंड़, एसपी ध्रुव, तुलाराम ध्रुव, तोरण ध्रुव, नीलकमल ध्रुव, जगमोहन कुंजाम, रघुनंदन मरई, रूपसिंग नेताम, डमरूधर मांझी पार्षद, एमएल ध्रुव, रामानंद ध्रुव, ताराचंद ध्रुव, बहुर सिंग मंडावी, योगेश मंडावी, हेमसिंह मरकाम, प्रभा ध्रुव, तुलसी ध्रुव, टिकेश्वरी देवी ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, जयलाल ध्रुव, खेमराज ध्रुव, महेश कुमार ध्रुव, प्रवीण ठाकुर, सुधाबाई मंडावी, माधुरी मंडावी, रोहित ध्रुव, कमलेश्वरी ध्रुव समेत गोंड़ समाज के मातृ शक्ति, पितृ शक्ति एवं युवा शक्तिजन मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी छग गोंड समाज विकास समिति के मीडिया प्रभारी नीलकमल ध्रुव ने दी है।

# कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में शामिल हुईं क्षेत्रीय विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लोहारीडीह कांड और लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ कवर्धा में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा लोहारीडीह कांड और प्रदेश में पुलिस की दमनपूर्वक की जा रही कार्रवाई और बढ़ती अपराधिक घटनाओं के विरोध में एक दिवसीय धरना और गृह मंत्री के कार्यालय घेराव किया गया था। जिसमें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व सीएम भूपेश बघेल और वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा गृहमंत्री कार्यालय का घेराव किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की दस माह की सरकार में आए दिन रेप की घटनाएं घट रही है, दोहरे हत्याकांड हो रहे है, लूटपाट की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हो रही है लेकिन मुख्यमंत्री और गृहमंत्री हाथ पर हाथ धरे बैठे है। लोहारीडीह कांड में खुद गृहमंत्री मृतक की बेटी को धमका रहे है। वहीं पुलिस मामले को



दबाने में जुटी रही है जो कि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की पुलिस ने लोहारीडीह के शिवप्रसाद उर्फ कचरू साहू की हत्या के मामले में चार लोगों की गिरफ्तार किया है। मध्यप्रदेश पुलिस ने यह माना कि कचरू साहू की हत्या हुई थी। इस मामले में मध्यप्रदेश की पुलिस की कार्रवाई से साफ हो गया कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती थी, उसने हत्या को आत्महत्या बताने का षड़यंत्र रचा था। जिसके परिणाम स्परूप लोहारीडीह में जनआक्रोश भड़का और रघुनाथ साहू को उसके घर में जिंदा जलाकर मार डाला गया। रघुनाथ साहू की हत्या के बाद पुलिस की कार्रवाई और पुलिस की कस्टडी में तथा पुलिस की मारपीट से प्रशांत साहू की मौत हो गई। इस प्रकार छत्तीसगढ़ पुलिस की लापरवाही से लोहारीडीह में तीन लोगों की जान चली गई। लोहारीडीह में हुई मॉब लीचिंग की घटना के लिए गृहमंत्री एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी जिम्मेदार है। पुलिस प्रशासन ने लोहारीडीह दी की घटना में अपनी नाकामी पर पर्दा करने के लिए गांव के 167 सहित अन्य लोगों को अपराधी बनाया है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। पहले भी कहा था कि ये आत्महत्या नहीं, हत्या थी, यह मध्य प्रदेश पुलिस ने साबित किया। गृह मंत्री और छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले को क्यों दबाया?

लोहारडीह में हुई तीनों मौत रुक सकती थी, इसके जिम्मेदार गृहमंत्री है। आखिर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कैसे बदला गया, इसका जिम्मेदार कौन है? सरकार की कई नाकामियों को दबाने प्रशासन में विभाग को दांव पर लगा दिया। सरकार बताये इस मामले पर लीपापोती क्यों की गई? इसके इशारे पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदली गई? दो परिवार को बर्बाद करने का जिम्मेदार कौन? मध्यप्रदेश की पुलिस छत्तीसगढ़ जाकर आरोपियों को ले जाती है, लेकिन यहां की पुलिस आरोपियों को बचाने की कोशिश करती है। मध्यप्रदेश पुलिस के कार्रवाई के उपरांत स्पष्ट हो गया है कि कवर्धा जिला के पुलिस के उच्च अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैया के कारण लोहारीडीह की घटना हुई है। विधायक नंद ने इन घटनाओं के लिए गृह मंत्री को दोषी ठहराते हुए उनका इस्तीफा मांगा है। अगर गृह मंत्री इस्तीफा नहीं देते है तो मुख्यमंत्री उनको बर्खास्त करें।

### बूढ़ा गार्डन क्षेत्र में चौपाटी का ग्रीन आर्मी ने किया विरोध

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही ग्रीन आर्मी संस्था बूढ़ा गार्डन को बचाने के लिए सामने आई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि पर्यटन विभाग को चौपाटी के नाम पर तालाबों और धरोहर से खिलवाड़ नहीं करनी चाहिए। चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल सीधे दिखाई दे रहा है। यहां हजारों स्थानीय निवासियों से लेकर शहरवासी तक मॉर्निंग वॉक, योगा, एवं स्वास्थ लाभ लेने रोजाना आते हैं। पाथवे पर चलकर लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं, वहां चौपाटी का निर्माण इंसानों, पंछियों, जीव जंतुओं से लेकर पर्यावरण के लिए हानिकारक है। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा रविवार को 100 से अधिक सदस्यों एवं स्थानीय निवासियों के साथ चौपाटी निर्माण का विरोध दर्ज कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने उपस्थितजनों का आभार जताया।

# गोल्ड मेडल जीतने पर मेघा से मुलाकात करने पहुंचे पालिका कर्मी



**महासमुंद।** भारत वन खेलकूद प्रतियोगिता राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल जीतने वाली मेघा तिवारी को उनके निवास स्थान पहुंचकर बधाई दी गई। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारी ललित साहू, जयकिशन सोनी, कृष्ण कुमार वैष्णव, शुभम सोना, मुरारी साहू, जितेंद्र महंती, महेंद्र जगत, गुमान सिंह ध्रुव, चंद्रशेखर पाटकर, दुर्गेश कुंजेकर, नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ नगरीय निकाय प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी आदि मौजूद रहे। बता दें कि मेघा नगर पालिका महासमुंद की पालिका कर्मचारी सुरेश तिवारी की पुत्री है।

## खबर संक्षेप



### सोरिद में हुआ पालक संघ का मनोनयन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरिद में शासन के आदेशानुसार पालक संघ का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस दौरान संकुल प्राचार्य धरम महानन्द, प्रधान पाठक सरिता तिवारी, हाईस्कूल प्रबंध समिति अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, सरपंच सेवती ध्रुव एवं ग्राम के वरिष्ठ सदस्यगण मौजूद रहे। सर्वसम्मति से रामधन सबर अध्यक्ष, बोधन सबर और सुखबती यादव को उपाध्यक्ष, नरेश पाल, गंगा महेश साहू शिक्षा विद एवं पालक सदस्य लिना सहिस, भारत ध्रुव, दुर्जय ध्रुव, मालती पाल, जितेंद्र साहू, पोखन यादव, भोज बाई ध्रुव, अगेशवरी चंद्राकर को मनोनीत किया गया। सरपंच सेवती ध्रुव संरक्षक, प्रधान पाठक सरिता तिवारी सचिव, शिक्षक तारकेश्वरी मानिकपुरी कोषाध्यक्ष पदेन होंगे। चुनाव कार्यक्रम में बलराम निषाद, श्याम लाल निषाद, महेश साहू, शिक्षक सोहन साहू, शांतनु वर्मा, सीएच एलविना उपस्थित रहे।



### बीपीएड कॉलेज के लिए अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शासकीय महाप्रभु वल्लाभाचार्य स्नातकोत्तर महविद्यालय के प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि महासमुंद में एक भी बीपीएड का कॉलेज नहीं है। जबकि बीपीएड के विद्यार्थी सैकड़ों हैं। इसके चलते छात्रों को दूसरे जिला में जाकर पढ़ाई करना पड़ रहा है। बीपीएड की विद्यार्थियों में निरंतर ये समस्या बनी हुई है। हर साल नए सैकड़ों छात्र इसी समस्या का सामना करते हुए दूसरे जिले के कॉलेजों पर निर्भर है। अभाविप जिला संयोजक ललित साहू ने बताया कि जिले में एक भी शारीरिक शिक्षा के लिए बीपीएड का कोर्स नहीं है, जिससे विद्यार्थियों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अभाविप ने बीपीएड कॉलेज प्रारंभ करने की मांग की।

# कार्यकर्ताओं की सक्रियता से प्राथमिक सदस्य बनाने का कार्य अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा की सक्रिय सदस्यता और नगरीय निकाय चुनाव से सम्बंधित मतदाता सूची निरीक्षण कार्य को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक पूर्व विधायक, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा के मार्गदर्शन में हुई। बैठक के पूर्व मंचस्थ मुख्यवक्ता डॉ विमल चोपड़ा, प्रदेश सदस्य इंदजीत सिंह गोल्डी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक संदीप दीवान, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रलय थिटे, सक्रिय सदस्यता अभियान समिति सदस्य पार्षद महेंद्र जैन, उत्तरा प्रहरे, महामंत्रीद्वय प्रकाश शर्मा, एमआर




विश्वनाथन ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया।

सदस्यता अभियान जिला संयोजक संदीप दीवान ने महासमुंद जिले के चारों विधानसभा में में हुई प्राथमिक सदस्यता के आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि शीर्ष संगठन के दिए गए लक्ष्य के हम करीब पहुंच गए है, जो समय बाकी है उसमें हम निर्धारित लक्ष्य से भी अधिक की संख्या में भाजपा के सदस्य बनाने में सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से सफल होंगे। बैठक का संचालन महामंत्री प्रकाश शर्मा एवं आभार महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने किया। बैठक में नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पार्षद देवीचंद राठी, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, सदस्यता प्रभारी दिनेश रूपरेला, पार्षद पवन पटेल, मनीष शर्मा, मुन्ना देवार, हेमलता यादव, मुन्ना साहू, उत्तरा प्रहरे, शंकरलाल चंद्राकर, पार्वती साहू, विष्णु चंद्राकर, हनीश बग्गा, राकेश श्रीवास्तव, सुनीता देवांगन, उषा पाल, सुनीता साहू, प्रीति सोनी, लक्ष्मी साहू, गोपी कनौजे, सोनाधर सोनवानी, पांडुरंग मदनकार, राकेश सचदेवा, अग्रज शर्मा, अनुज पांडेय, हिमांशु चंद्राकर, जतिन रूपरेला, आकाश पांडेय, अंकुश गौर, दिनेश बेहरा, भगवती करकसे, मधु यादव, हेमकांति देवांगन, दुर्गा चंद्राकर, दुर्गा, रेखा बेहरा, गणेशसिंह चौहान, सुरेश कुमार साहू, माखन पटेल, सुदर्शन कुमार, शुभम आदि मौजूद रहे।

### 23 अक्टूबर तक वार्ड की मतदाता सूची का होगा प्रकाशन

बैठक के मुख्य वक्ता सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक डॉ विमल चोपड़ा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के ऊर्जावान और परिश्रमी कार्यकर्ताओं की सक्रियता से जिला में प्राथमिक सदस्य बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। और वर्तमान में न्यूनतम 50 सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य बने कार्यकर्ताओं को सदस्यता दिलाने का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। डॉ. चोपड़ा ने सक्रिय सदस्यता के लिए संगठन द्वारा जारी ऑनलाइन डाटा को पूर्ण रूप से मोबाइल एप में भरकर सदस्यता हासिल करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान में सभी कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम की पराकाष्ठा का सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सदस्यता अभियान को लक्ष्य की ओर अग्रसर किया है, जिसके लिए सदस्यता अभियान की पूरी टीम बधाई की पात्र है। नगरीय निकाय चुनावों को लेकर डॉ विमल चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 16 से 23 अक्टूबर तक के लिए सभी निर्धारित स्थानों में वार्ड की मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। पार्टी की तरफ से बनाए गए प्रभारियों सहित स्थानीय सभी प्रमुख कार्यकर्ता मतदाता सूची का अतिशीघ्र अवलोकन करें और मतदाताओं का नाम जोड़ने, परिवर्तित कराने में पूरी गंभीरता से अपना सक्रिय सहयोग दें।

# प्रशिक्षण में अनिता ने राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

केंद्र सरकार द्वारा संचालित सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा शिक्षकों के लिए आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से अनिता चौधरी सहित 11 शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने अपने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया, जिससे अन्य राज्यों के शिक्षकों को छत्तीसगढ़ की अनूठी संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिला।

छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राज्य गीत अरपा पैरी के धार से की, जो राज्य के सांस्कृतिक गौरव और जनजीवन की महत्ता को दर्शाता है। इसके बाद विभिन्न लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक नृत्य और संगीत की झलक देखने को मिली। इस पाठ्यक्रम में अनिता चौधरी के साथ अन्य शिक्षकों में मितांजली महती, रामजी निषाद, राकेश निषाद, कंचनलता यादव, वंदना शर्मा, ताराचंद जायसवाल, प्रफुल्ल साहू, दुष्यंत सोनी और हरीश पांडे शामिल थे। अनिता चौधरी ने कहा कि यह



हमारे लिए एक अद्वितीय अवसर है कि हम भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को एक ही मंच पर देख और समझ सकें। यह न केवल हमारे ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों को और भी गहराई से समझने में मदद करता है। इस रिफ्रेशर पाठ्यक्रम में 16 राज्यों से कुल 127 शिक्षक भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने अपने राज्य की लोक कला और परंपराओं को मंच पर उकेरा। शिक्षकों ने सुआ नृत्य, पंथी नृत्य और राउत नाचा जैसे छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया, जो राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि और पारंपरिक धरोहर को दिखाता है। सुआ नृत्य विशेष रूप से महिलाओं द्वारा किया जाता है, जो जीवन और प्रकृति के उत्सव का प्रतीक है। पंथी नृत्य छत्तीसगढ़ के सतनामी समाज का धार्मिक और सांस्कृतिक नृत्य है, जो आध्यात्मिकता और मानवता के प्रति समर्पण को प्रदर्शित करता है। राउत नाचा यादव समुदाय का प्रमुख नृत्य है, जो दीपावली के समय भगवान कृष्ण की भक्ति और उनकी जीवन गाथा का वर्णन करता है। इस ताजगीकरण पाठ्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को सांस्कृतिक जागरूकता और संवर्धन के प्रति प्रेरित करना है, ताकि वे अपने शिक्षण में भी सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश कर सकें। छत्तीसगढ़ के इन शिक्षकों की प्रस्तुति ने न केवल राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर किया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता को भी प्रकट किया। सीसीआरटी का यह प्रयास शिक्षकों को राष्ट्रीय और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 19 अक्टूबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा पांचवी से 12वीं तक 250 छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा के पूर्व सभी छात्रों का पंजीयन कराया गया। छात्रों को पुस्तक वितरण किया गया। सभी कक्षा शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों का परीक्षा की तैयारी भी कराई। संस्था के



परीक्षा प्रभारी शिक्षक व्याख्याता नंद कुमार साहू ने सभ्यता और संस्कृति का अर्थ बताया। सभ्यता में मनुष्य की राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और दृश्य कला रूप शामिल है, जो जीवन को सुखमय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। और संस्कृति में कला, विज्ञान संगीत, नृत्य और मानव जीवन सम्मिलित है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संस्कृति दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृतियों में से एक हैं। ऐसा माना जाता है कि भारतीय संस्कृति यूनान, रोम मिश्र, सुमेर और चीन की संस्कृतियों की तरह ही प्राचीन है। भारत दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है। जिसमें विविधता और समृद्धि सांस्कृतिक विरासत शामिल है। इसका उद्देश्य स्कूली बच्चे भारतीय संस्कृति के तथ्यों से अवगत हो तथा उसमें निहित महान तत्वों को आत्मसात करने की प्रवृत्ति हो तथा विद्यार्थियों को संस्कृत संबंधी ज्ञान में उत्तरोत्तर वृद्धि करना है। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि संस्कृति से किसी भी देश, जाति या समुदाय कि उन समस्त संस्कारों का पता चलते हैं, जिनके आधार पर वह अपने आदर्शों, जीवन मूल्यों आदि का निर्धारण करते हैं। भारतीय संस्कृति हमें सिखाती हैं कि हममें व्यवहार कुशलता होनी चाहिए, पर इसमें दिखावा या ऊपरी शिष्टाचार नहीं होनी चाहिए। सच्चे हृदय से निकली भावना दूसरों को बांधती हैं। आयोजन में संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, शशि प्रभा थिटे, नंदकुमार साहू, दूषण लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेन चक्रधारी, ऋषभ साहू, लोकेश चंद्राकर, योगेंद्र देवांगन, रेखराम पटेल, अनिता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, चित्रलेखा साहू, किरण विश्वकर्मा, गायत्री सेन, पम्मी यादव, योगिता महाकुर, जयश्री श्रीवास्तव, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, भूमिका चंद्राकर, योगिता कन्नौजे, संजू पारेश्वर, सविता साहू, पुष्पा भारती चंद्राकर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, लक्ष्मी साहू, गौरी साहू, ममता प्रजापति, गायत्री साहू उपस्थित रहे। यह जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी।

# पूर्व सेवा गणना एवं वेतन विसंगति के मुद्दे पर शिक्षक हुए एकजुट

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा की हुई बैठक, मांगों को लेकर 24 को धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिसमें छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, छग टीचर्स एसोसिएशन, छग शालेय शिक्षक संघ, छग नवीन शिक्षक संघ के संयुक्त मंच में प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में 24 अक्टूबर गुरुवार को धरना प्रदर्शन कर पांच सूत्रीय मांग को लेकर जिला मुख्यालय के लोहिया चौक में

धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें लगभग 5700 शिक्षक एलबी संवर्ग सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन शामिल होंगे। पश्चात रैली निकालकर जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा।

मोर्चा की पांच प्रमुख मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर किया जाए, समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत समयमान वेतनमान दिया जाए, नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन निर्धारित किया जाए, केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष की सेवा अवधि में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए, लंबित 3% महंगाई भत्ता दिया जाए तथा जुलाई 2019 से लंबित महंगाई भत्ता का एरियर दिए जाने की मांग शामिल है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा की अति महत्वपूर्ण जिला बैठक जिला संचालक दिनेश नायक एवं नारायण चौधरी के संयुक्त अध्यक्षता में स्थानीय काव्यांश भवन में हुई। जिसमें आंदोलन



में 100 प्रतिशत उपस्थिति, आंदोलन स्थल का चयन, बैठक व्यवस्था सहित सभी विषयों पर चर्चा की गई तथा साझा निर्णय किया गया। बैठक में उपस्थित प्रांतीय सह संयोजक सिराज बख्स, ईश्वर चंद्राकर, शोभा सिंहदेव, बीपी मेश्राम जिला सह संचालक दुर्वासा गोस्वामी, नंदकुमार साहू, डिकेश्वर साहू विकासखंड संचालक बाबूलाल ध्रुव, राजेश साहू, प्रदीप वर्मा, खिलावन वर्मा, प्रदीप पटेल, लव निर्मलकर, देवेंद्र चंद्राकर, पवन साहू, योगेश्वर साहू, श्याम पटेल, सालिकराम साहू, दिनेश प्रधान ने अपने-अपने उद्गार में जिला के समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग से उपस्थिति की अपील की है। पदाधिकारियों ने कहा कि अब हम एकजुट हो गए हैं और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती मोर्चा के बैनर तले चरणबद्ध संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलन के अगले चरण में सांसदों एवं विधायकों से भी अपने दुख पीड़ा को बताकर मांगों के शीघ्र निराकरण का आग्रह करेंगे।

ज्ञात हो कि शिक्षक एलबी संवर्ग का संविलियन 1 जुलाई 2018 को किया गया तब से छत्तीसगढ़ के सहायक शिक्षक वेतन विसंगति का दंश झेल रहे हैं और उन्हें दस से पंद्रह हजार रुपये की मासिक आर्थिक हानि हो रही है। संविलियन प्रक्रिया में पुरानी सेवा अवधि को गिनकर संविलियन तो किया गया। परंतु संविलियन पश्चात पूर्व सेवा अवधि को शून्य कर दिया गया जिससे वर्तमान में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक एलबी संवर्ग की सेवा अवधि 10 वर्ष न होने के कारण पेंशन से वंचित किया जा रहा है। इसी प्रकार क्रमोन्नति पदोन्नति के भी द्वार बंद हैं तथा सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाली ग्रेज्युटी, अवकाश नगदीकरण जैसे सुविधाओं में डंडी मारी जा रही है। बैठक में विकासखंडवार शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए संकुल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा जिला प्रांत एवं विकासखंड के समस्त पदाधिकारियों ने संपूर्ण उपस्थिति के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया। उक्ताशय की जानकारी दुर्वासा गोस्वामी ने दी।

# महामाया तालाब में चलाया विशेष सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सोमवार की सुबह महामाया तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाकर तालाब की सफाई कराई। ज्ञात हो कि गणेश चतुर्थी व नवरात्र पर्व पर विराजित गणेश और मां दुर्गा प्रतिमा उक्त तालाब में विसर्जित किए जाने के बाद तालाब के चारों ओर कचरों का अंबार लग गया था।

तालाब को दीपवाली पर्व के पूर्व स्वच्छ करने के सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने तालाब में स्वच्छता अभियान चलाकर तालाब की सफाई कराई। बता दें कि महामाया तालाब में परिसर में ही नगर की कुलदेवी मां महामाया विराजित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते है, जो तालाब में गंदगी देखकर इसकी सफाई की मांग कर रहे थे। जिसे ध्यान में रखते हुए नपाध्यक्ष ने तालाब की सफाई कराई।



### सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** शहर के क्लब पारा वार्ड नंबर 26 में सीसी रोड का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं वार्ड पार्षद मनीष शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद एवं मंडल अध्यक्ष शुभ्रा शर्मा, अंकित उपाध्याय, वैजयंती पटेल, शकुंतला साहू, जानकी सिंहा, विद्या उपाध्याय, ज्योति उपाध्याय, लता चंद्राकर, सुधा पांडे, शोभा यादव आदि मौजूद रहे।










### देशभर में चलाएंगे 'एक दीया श्रीराम के नाम' अभियान

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक दिल्ली में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के चेयरमैन संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष विक्की लोहाना, मनीष तलरेजा का सम्मान किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान से भी शामिल हुए।



## खबर संक्षेप




### सीएचसी पिथौरा में फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैम्प का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ महासमुंद, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जहां 29 मरीजों को निदान कर मनोसामाजिक परामर्श किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के लिए प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कैंप में आए मरीजों और उनके परिजनों को समझाईश दी गई कि मरीजों का उचित देखभाल करें, उनसे सामान्य व्यवहार करें। उन्के रूचि गत विषय को ध्यान में रखते हुए विषय का चयन करने दें, मानसिक तनाव आत्महत्या जैसे कदम उठाने का प्रयास करते है तो उन्हें रिलेक्स सेशन कराए, समय का प्रबंधन करें, हल्का व्यायाम, ध्यान योग, खेल करने के लिए प्रेरित करने कहा गया। कैंप में डॉ बीबी कोसरिया बीएमओ पिथौरा, डॉ चित्रेस डडसेना, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग से राम गोपाल खूंटे, गौतम यादव आदि मौजूद रहे।

### आबकारी विभाग ने जब्त की 8.4 लीटर शराब

**महासमुंद।** रविवार को आबकारी वृत्त पिथौरा टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। पहला प्रकरण में ग्राम नवागांव चौकी बुंदेली थाना तेंदुकोना के जंगल किनारे रोहित यादव निवासी नवागांव के आधिपत्य से एक प्लास्टिक थैले में हिरन छाप के 14 पाउच कुल 2.8 बल्क लीटर ओडिशा राज्य निर्मित महुआ शराब कीमत 700 रुपए एवं 5 पाउच हाथभट्ठी महुआ शराब कुल 1 बल्क लीटर कीमती 200 रुपए कुल जब्त शराब 3.8 बल्क लीटर कीमत 900 रुपए बरामद कर जब्त किया गया। इसी तरह ग्राम गश्त दौरान ग्राम नवागांव चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना निवासी सुजली बाई यादव के आधिपत्य से 23 नग हिरण छाप ओडिशा राज्य निर्मित महुआ शराब कुल 4.6 बल्क लीटर कीमत 1150 रुपए बरामद कर जब्त किया गया। उक्त दोनों प्रकरण में अन्य राज्य की अवैध शराब का धारण करना आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क), एवं 36 का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक वृत्त पिथौरा शिवशंकर एवं आबकारी उप निरीक्षक वृत्त महासमुंद आंतरिक विकास बढेंद्र के नेतृत्व में की गई। आबकारी टीम महासमुंद का विशेष योगदान रहा।

## पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अखंड सौभाग्य का महापर्व करवाचौथ 20 अक्टूबर को मनाया गया। त्रिवेणी चंद्राकर ने कहा सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखकर माता करवा की विशेष पूजा-अर्चना की। इस दिन महिलाओ ने सोलह श्रृंगार कर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। माता करवा की कथा का वाचन कर मां करवा की विशेष आराधना की गई। रात को चंद्रोदय के बाद चलनी में चांद और अपने सुहाग के चेहरे का दीदार कर पति के हाथों जल ग्रहण कर महिलाओं ने व्रत तोड़ा।

## खरोरा में महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में करवा चौथ पर महिलाओं ने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर विधीविधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान सुनीता चंद्राकर, विधि चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, गूंजा चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, नंदनी चंद्राकर आदि महिलाएं उपस्थित रहीं

## सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखा करवा चौथ का व्रत, सुनी कथा

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में करवा चौथ का पर्व सुहागिनों द्वारा रविवार को धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने चंद्र दर्शन का इंतजार रात 9 बजे तक किया। बदली व हल्की बारिश होने से इस बार चंद्र दर्शन विलंब से हुआ। वहीं 12 बजे तक चंद्र दर्शन कर चौथ माता की कथा सुनकर व्रत खोला। वहीं दिनभर सजने-संवरने को लेकर महिलाएं उत्सुक रही। शादी के बाद जिन नवविवाहितों का पहला करवा चौथ थी, उनके घरों में उत्सव का माहौल रहा। व्रत को लेकर विशेष तौर पर महिलाएं शाम के बाद छत में पूजा अर्चना की। आसमान का चंद्र दर्शन करते ही



सभी तैयरियां कर चुकी थी। हालांकि, जब वह निकला तो उल्लास और उमंग फूट पड़ा। चलनी की ओट से पति को देखा। इसके बाद पति के हाथ से जल ग्रहण कर व्रत सम्पन्न किया। इसके पूर्व डूबते सूर्य की पूजा और आरती की गई। शाम को चंद्रमा के निकलते ही दूध से अर्घ्य दिया। फिर अपने पति परमेश्वर का आशीर्वाद लिया। इसके एवज में पति ने अपनी पत्नी को उपहार भी दिए।

## जीत: फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में शानदार प्रदर्शन

# शूटिंग खिलाड़ी मेघा की कलेक्टर ने की हौसला अफजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शूटिंग खिलाड़ी मेघा तिवारी ने

- निरंतर कड़ी मेहनत और अभ्यास के लिए हौसला

हाल ही में महासमुंद में संपन्न हुए 27वें ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीते। उन्होंने प्रोन 50 मीटर महिला ओपन राइफल शूटिंग में गोल्ड मेडल तथा एवीएम राइफल शूटिंग 50 मीटर महिला ओपन में सिल्वर मैडल हासिल किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से कलेक्ट्रेट कार्यालय में मुलाकात के दौरान पर कलेक्टर ने उनकी हौसला अफज़ाई की।



बता दें कि इससे पहले मेघा ने 26वें ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट 2023 में जो पंचकुला हरियाणा में आयोजित हुआ था, राइफल शूटिंग में एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीती थी। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

इसके पूर्व अभी हाल ही में पेरिस ओलम्पिक में शूटिंग में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर से बारनवापारा प्रवास के दौरान मुलाकात कर उनसे जरूरी मार्गदर्शन भी लिए। ओलंपिक विजेता मनु भाकर ने भी मेघा की हौसला आफजाई करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत और अभ्यास करने के सुझाव दिए। मेघा ने बताया कि उन्हें बचपन से ही शूटिंग का शौक था। वे लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं में शामिल हो रही है। इसका श्रेय उन्होंने अपने पिता सुरेश तिवारी, परिवारजनों और कोच एवं साथी खिलाड़ियों को दिए हैं।



### जिले के विकासखंडों में हुआ मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन

**महासमुंद।** मद्यपान और अन्य मादक द्रव्यों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए जिले के सभी विकासखंडों में विगत 02 से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रचार मध्यमों के जरिए अभियान चलाया गया। जिला और समाज कल्याण विभाग द्वारा महात्मा गांधी जयंती पर 30 ग्राम पंचायतों में नवीन भारत माता वाहिनी का गठन किया गया और जनपद स्तर पर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही आईटीआई सरायपाली, चंद्रपाल डडसेना स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरा सहित अन्य शिक्षण संस्थानों एवं जनपद पंचायतों में नशामुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत, नशामुक्ति के पक्ष में जनसमर्थन बढ़ाने के लिए रैली, संकल्प सभा, शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही फ्लैक्स, होर्डिंग और ब्रोशर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

# हसदेव बचाने लड़ाई लड़ रहे आदिवासियों पर भाजपा सरकार बरसा रही लाठी: विनोद

## कांग्रेस ने विस प्रस्ताव लाकर हसदेव की कटाई पर लगाई थी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि सरगुजा के हसदेव अरण्य की कटाई का विरोध क्षेत्र के आदिवासी समुदाय द्वारा किया जा रहा है। विष्णुदेव सरकार द्वारा आदिवासियों को क्रूरतापूर्वक हकाला जा रहा है। आदिवासियों की देवभूमि के काटे जाने का विरोध वे कर रहे हैं। 4 दिन पूर्व 17 अक्टूबर से 30 सेमी से अधिक परिधि वाले 2.47 लाख पेड़ परसा ईस्ट केते बासन में काटे जाने की कार्रवाई का विरोध क्षेत्र के आदिवासी कर रहे हैं। आदिवासियों के आवाज को दबाने सरकार ने 400 सशस्त्र पुलिस बल भेजकर उन पर लाठीचार्ज कराया। जिससे सैकड़ों आदिवासी बुरी तरह से घायल हो गए हैं।

चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में पेड़ों को बचाने की लड़ाई आदिवासी समाज लड़ रहे हैं। 1,500 किलोमीटर क्षेत्र में फैला यह घना जंगल छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों का निवास स्थान है। इस घने जंगल के नीचे लगभग पांच अरब टन कोयला दबा है। इस वजह से पूंजीपतियों और पूंजीवादी भाजपा सरकार की गिद्ध दृष्टि यहां टिकी हुई है। बेदर्दी से जंगल को काटा जा रहा है, जो यहां की जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। छत्तीसगढ़ में



भाजपा के सत्ता में आते ही पिछले साल दिसंबर में हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा पूर्व और केते बासन (पीईकेबी) के दूसरे चरण विस्तार के तहत कोयला खदान के लिए पेड़ काटने की कवायद बड़े पैमाने पर हुई थी। तब भी यह काम पुलिस के सुरक्षा घेरे में किया गया था। इससे पहले वन विभाग ने मई 2022 में पीईकेबी चरण-2 कोयला खदान की शुरुआत करने के लिए पेड़ काटने की कवायद शुरू की थी, तब भी स्थानीय ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया था।

भाजपा सरकार और पूंजीपतियों, उद्योगपतियों के बीच सांठ-गांठ का खेल चल आ रहा है। विकास के नाम पर प्रकृति का बेदर्दी से दोहन किया जा रहा है, जिसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को उठाना पड़ेगा। हसदेव अरण्य में भाजपा सरकार द्वारा पुलिस बल के माध्यम से हिंसक प्रयोग के जरिये आदिवासियों के जंगल और जमीन को जबरन हड़पने का प्रयास आदिवासियों के मौलिक अधिकारों का हनन है।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान हसदेव जंगल को न काटने का प्रस्ताव विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया था। तब भाजपा विपक्ष में थी और कटाई पर रोक लगाने विपक्ष में रहते भाजपा ने सहमति दी थी। लेकिन, सरकार में आते ही उन्हें न तो यह प्रस्ताव याद आया और न ही हसदेव के इन मूल निवासियों की दुर्दशा और अधिकार। जब पहले हसदेव जंगल न काटने में भाजपा की सहमति थी, तो अब उसे यह सहमति याद क्यों नहीं है।



### भाजपाइयों ने किया मतदाता सूची का अवलोकन

**महासमुंद।** आगामी नगरीय निकाय चुनावों की मतदाता सूची के प्रकाशन और नाम परिर्वतन, जोड़ने, काटने की प्रक्रिया को लेकर निकाय चुनाव महासमुंद, तुमगांव, बागबाहरा के मतदाता सूची अवलोकन कार्य के प्रभारी, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर के नेतृत्व में वरिष्ठ पार्षद महेंद्र जैन, मीना वर्मा, पूर्व पार्षद विक्रम ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा ने महासमुंद अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी से विस्तृत आवश्यक चर्चा करते हुए त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिया। प्रदीप चंद्राकर ने मतदाता सूची से मृतकों के नाम जांच कर हटाने और 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित भी किया। प्रभारी प्रदीप चंद्राकर ने सभी वार्ड के प्रभारियों से मतदाता सूची प्रकाशन का अवलोकन करने और अंतिम प्रकाशन तंक अपने क्षेत्र की मतदाता सूची सही करने तंक समय देने की अपील करते हुए कहा कि इस कार्य के लिए समय बहुत कम बाकी है। 23 अक्टूबर अंतिम तिथि है और सभी को सक्रियता से निकाय चुनाव के लिए जुटना होगा।

# विभिन्न छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होंगे तेंदूपत्ता संग्राहक

## तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदान किया जाएगा आर्थिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला लघु वनोपज संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद सेवन लाल चंद्राकर ने बताया कि जिले के तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति योजना के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। जिससे गरीब परिवार के मेधावी बच्चों को आगे की पढ़ाई में मदद के लिए मदद मिल सकेगी। चंद्राकर ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजना संचालित है, जिसके तहत सीएससी के माध्यम से छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। प्रत्येक प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष कक्षा 10वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को 15 हजार एवं कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 25 हजार रुपए प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रदान किया जाएगा।

इसी तरह मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 8वीं में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा को राशि 2000 रुपए, 10वीं में 2500 रुपए एवं 12वीं में अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 3 हजार रुपए पुरस्कार दी जाएगी। व्यावसायिक छात्रवृत्ति योजना के तहत प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति स्तर पर प्रत्येक वर्ष एक विद्यार्थी का चयन छात्रवृत्ति के लिए किया जाएगा। जिसमें किसी भी राज्य शासन, केंद्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था में किसी भी व्यावसायिक कोर्स जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, एमबीए आदि में प्रवेश लिया हो तथा जिस कोर्स में प्रवेश की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12वीं हो। महिला बहुउद्देश्य स्वास्थ्य पाठ्यक्रम कोर्स की



अवधि 18 माह, पुरुष बहुउद्देश्य स्वास्थ्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम कोर्स की अवधि 1 वर्ष, जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम कोर्स की अवधि साढ़े तीन वर्ष, 6 माह के लिए 2500 रुपए स्वीकृत की जाएगी। विद्यार्थी को प्रथम वर्ष में 10 हजार, द्वितीय तथा आगे के वर्षों में 5000 रुपए अधिकतम चार वर्षों तक राशि उपलब्ध करायी जाएगी। जिलाध्यक्ष चंद्राकर ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों के लिए गैर व्यावसायिक, स्नातक शिक्षा के लिए भी अनुदान योजना प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत संग्राहक परिवार के मुखिया के पुत्र-पुत्री एक छात्र व एक छात्रा का चयन किया जायेगा। जिसमें राज्य व केंद्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी स्नातक गैर व्यावसायिक कोर्स जैसे बीए, बीकाम, बीएससी में 3000 अर्थात तीन वर्षों में कुल 12 हजार की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत पात्रता निर्धारित की गई है। इसके तहत छात्र-छात्राओं के माता-पिता या परिवार के सदस्यों द्वारा लगातार तीन वर्ष में दो वर्ष अंतर्गत 500-500 तेंदूपत्ता गड्डी संग्रह करना अनिवार्य है। उक्त छात्रवृत्ति योजना में मुखिया के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा।

# रामलला दर्शन के लिए विधायक ने तीर्थयात्रियों को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना रामलला दर्शन योजना के तहत सोमवार को यात्रियों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने निवास से उन्हें भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। साथ ही उनकी यात्रा मंगलमय हो इसके लिए शुभकामनाएं भी दी। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ यात्री बस से रायपुर के लिए प्रस्थान किए। रायपुर से उन्हें विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या दर्शन के लिए ले जाया जाएगा।




इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री बनने के 100 दिन में ही कदम उठाया था। उसी के फलस्वरुप प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं ने रामलला दर्शन का पुण्यलाभ लिया है। आगे भी इस योजना के माध्यम से प्रदेश की जनता अयोध्या धाम के दर्शन करेंगी। आगे कहा कि रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलता है, जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के यात्रा करते हुए अयोध्या पहुंचेंगे और दर्शन कर वापस लौटेंगे।

# विभिन्न खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने जीते अनेक पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रेमी एवं होनहार विद्यार्थियों द्वारा स्कूल एवं स्थानीय स्तर पर ही नहीं अपितु जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता में परचम लहरा कर स्वयं विद्यालय एवं जिला महासमुंद को गौरांवित किया है। खिलाड़ियों के खेल के प्रति जागरुकता एवं पराक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकर, प्रधान पाठक चिंतामणि चंद्राकर एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है। खेल शिक्षिका अंजनी साहू के कुशल मार्गदर्शन को सराहा। खिलाड़ियों में भूमिका हैंडबॉल स्टेट कबीरधाम ब्रॉन्ज मेडल, मयंक हैंडबॉल स्टेट कबीरधाम सिल्वर, लोकेश हैंडबॉल स्टेट जांजगीर चंपा गोल्ड, प्रगति हैंडबॉल स्टेट जगदलपुर सिल्वर, महिमा हैंडबॉल स्टेट जगदलपुर सिल्वर, नूर सागर सॉफ्ट टेनिस स्टेट रायपुर सिल्वर, केशव लॉन्ग टेनिस स्टेट दुर्ग सिल्वर, देवेंद्र कनौजे हॉकी स्टेट राजनादगांव सिल्वर, पीयूष कन्नौजे हॉकी स्टेट रायपुर ब्रॉंज, कोमल हॉकी स्टेट बिलासपुर एवं भूपेंद्र हॉकी स्टेट बिलासपुर शामिल है। उपरोक्त मंम से दो छात्र भूमिका कहार एवं मयंक कोसरे का राष्ट्रीय स्तर पर हैंडबॉल के लिए चयन हुआ है, जो हैदराबाद तेलंगाना में अपना प्रतिनिधित्व करेंगे।

# छात्रों ने बैंक में असली नोटों की पहचान के साथ सीखा वित्तीय प्रबंधन

## आईडीबीआई की शाखा पहुंचे चौथी और पांचवी के बच्चों ने समझी बचत और खर्च की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला के बच्चों ने सोमवार को आईडीबीआई बैंक का ज्ञानवर्धक भ्रमण किया। चौथी और पांचवी कक्षा की छात्र-छात्राओं ने बैंक की कार्यप्रणाली को करीब से देखा, और समझा कि बैंक में रुपए-पैसे का प्रबंधन कैसे किया जाता है। खाताधारकों को बैंक से जुड़ाव के क्या फायदे हैं। बैंक पहुंचे बच्चों का स्वागत करते हुए शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि बैंक में खाता कैसे खोला जाता है, जमा और निकासी की प्रक्रिया क्या होती है। असली नोट की पहचान के तरीकों से अवगत होते हुए बच्चों ने वित्तीय प्रबंधन में बचत और खर्च की बारीकियां समझीं। स्कूल की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने बैंक भ्रमण से मिली जानकारी को बच्चों के लिए बहुत ही रोचक और उपयोगी बताया। उनका मानना है कि असली और नकली नोट की पहचान के तरीके जानने से बच्चे भविष्य में धोखाधड़ी से बच सकें।



कक्षा पांचवी की छात्रा श्रेयांश शर्मा ने बताया कि हमारे शिक्षकों ने पहले भी बैंक के बारे में बताया था, लेकिन आज यहां आकर हमें समझ में आया कि पैसे की पहचान और प्रबंधन कितना जरूरी है। पांचवी कक्षा की छात्रा तृप्ति राजपूत ने साझा किया कि इस भ्रमण ने उन्हें अपनी पाकेट मनी को बचाने और समझदारी से खर्च करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। चौथी के छात्र गहनेश ध्रुव, जीविका भोई, भाविका पाल, अमन निषाद और अहिर यादव ने सीखा कि कैसे एक बैंक खाता खोला जाता है और उसकी क्या आवश्यकताएं होती हैं। मौके पर मौजूद बैंक कर्मचारियों ने बताया कि पैसे को सुरक्षित रखने और बचत करने के लिए उन्हें किस तरह के खातों का चयन करना चाहिए। शिक्षक ममता डड़सेना, खेमिन साहू, कल्याणी फेकर, जायसी वर्मा और सरिता साहू ने बैंक भ्रमण पर कहा कि ऐसे अनुभव बच्चों को वास्तविक जीवन में वित्तीय प्रबंधन के महत्व को समझने में मदद करेंगे। इससे बच्चों में पैसे के प्रति समझदारी और बचत की आदतें विकसित हो सकती हैं, जो उन्हें भविष्य में वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में अग्रसर करेगी। पालक समिति के नम्रता यादव, सावित्री ध्रुव, रेवती यादव और कुंजबिहारी स्वाइन आदि ने इस भ्रमण को बच्चों के लिए एक अद्भुत अनुभव बताया, उनका कहना है कि यह बच्चों के लिए वित्तीय शिक्षा का पहला कदम साबित हुआ है। शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन की यह पहल अन्य स्कूलों के लिए भी अनुकरणीय है। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है और वे वित्तीय मामलों में अधिक जागरूक बनते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411